आईआईएम एंटरप्रेन्योरशिप पर कराएगा सर्टिफिकेट कोर्स

15 अक्टूबर तक करें आवेदन, 6 नवंबर से होगी शुरुआत

रायपुर @ पत्रिका. एंटरप्रेन्योर्स के लिए एक खुशखबरी है। आईआईएम रायपुर एंटरप्रेन्योरशिप पर सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत करने जा रहा है। राजधानी के एंटरप्रिन्योर्स 15 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। पहली बैच 6 नवंबर से शुरू होगी। संस्थान के डायरेक्टर प्रोफेसर रामकुमार काकानी ने बताया कि इसका उद्देश्य इच्छुक उद्यमियों को वह आवश्यक कौशल और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है जो एक सफल व्यवसाय शुरू करने और प्रबंधित करने के लिए आवश्यक हैं। 21 वर्ष की न्यूनतम आयु और किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री रखने वाले इच्छुक उद्यमी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह तीन महीने का गैर-आवासीय कोर्स रायपुर के निवासियों को सशक्त बनाने और स्थानीय समुदाय में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए खासतौर से तैयार किया गया है। काकानी ने कहा, हम मानते हैं कि उद्यमी भारत की आर्थिक वृद्धि के प्रेरक हैं। रायपुर के उद्यमिता इकोसिस्टम को समृद्ध करने के उद्देश्य से हमारे विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस पाठ्यक्रम को सावधानीपूर्वक तैयार किया है।

Patrika 28-Sep-24 P.N-03